प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 15.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्य की 25वीं वर्षगांठ पर आज रांची में मुख्य कार्यक्रम, राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि होंगे शामिल, मुख्यमंत्री करीब छह हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।।**
2. **भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आज राज्यभर में कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन, खूंटी के उलिहातू में आयोजित होगा मुख्य समारोह, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री होंगे शामिल।**
3. **राज्य में आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार अभियान 21 से, 14 वरीय आइएएस अधिकारियों को सौंपी गयी जिलों की जिम्मेवारी।**
4. **पूरा राज्य शीतलहर की चपेट में, रांची में पारा 9 डिग्री सेल्सियस पर लुढ़का, अगले दो दिन शीतलहर की बनी रहेगी स्थिति।**
5. **गिरिडीह में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुई केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह।**

****

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड गठन की रजत जयंती पूरे राज्य में उत्साह, गौरव और सांस्कृतिक विविधता के साथ मनायी जा रही है। झारखंड राज्य स्थापना की 25 वीं वर्षगांठ का मुख्य समारोह आज रांची के मोरहाबादी मैदान में दोपहर दो बजे से होगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मौजूद रहेंगे, जबकि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इस अवसर पर लगभग छह हजार करोड़ रुपए की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन– शिलान्यास करेंगे। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं।

****

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भी राज्यभर में आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर खूंटी जिला में उलिहातू स्थित भगवान बिरसा मुंडा के गांव में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

****

उलिहातू में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर भगवान बिरसा मुंडा के वंशज और गांव वाले भी उत्साहित हैं। बिरसा मुंडा के परपोते सुखराम मुंडा ने कहा कि ऐसे आयोजन अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का सशक्त जरिया है।

****

बिहार में एनडीए को मिली प्रचंड बहुमत से झारखंड भाजपा और जदयू बेहद उत्साहित है। इस कड़ी में भाजपा के साथ–साथ जदूय के कार्यकर्ताओं ने भी रांची के अलबर्ट एक्का चौक पर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत पूरे बिहार की जीत है।

****

राज्य में आपकी योजना, आपकी सरकार–आपके द्वारा अभियान की शुरूआत 21 नवंबर से होगी, जो 15 दिसंबर तक चलेगा। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने आदेश जारी कर दिया। अभियान की सफलता के लिए राज्य के 14 वरीय आइएएस अधिकारियों को अलग–अलग जिलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वे जिलों के उपायुक्त को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

****

राज्य सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एनआइटी एक्ट के तहत भी अवकाश घोषित किया है। कार्मिक,प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इसका आदेश जारी किया है। कार्यपालक आदेश से इस दिन पहले ही अवकाश घोषित किया गया था।

****

धनबाद जिले के स्वास्थ्य विभाग को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 8 पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

****

देवघर बाबा मंदिर में 18 दान पात्रों को मंदिर प्रबंधन संतोष कुमार की देखरेख में कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया और उसके जरिये आयी दान राशि की गणना की गयी। इन दान पात्रों से 10 लाख 60 हजार 376 रुपये निकले।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्से शीतलहर की चपेट में हैं। राज्य के छह जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। रांची में तापमान लुढ़क कर नौ डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिन ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि हवा की गति बढ़ने से न्यूनतम तापमान में और कमी आ सकती है।

****

गिरिडीह हाई स्कूल मैदान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत कर ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें उचित मंच देने की पहल की है।

****

तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप का आयोजन किया जायेगा। इसके ट्रॉफी का प्रदर्शन देश के विभिन्न राज्यों में किया जा रहा है। यह ट्राफी 17 नवंबर झारखंड आयेगी और उसी दिन इसका प्रदर्शन रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में होगा।

****

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिले प्रचंड बहुमत की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– आदिवासी नायक से ग्लोबल आइकन बने बिरसा, देश–दुनिया में उनके उलगुलान को मिली पहचान।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– झारखंड ने हर मोर्चे पर की रिकार्ड प्रगति।

प्रभात खबर लिखता है– झारखंड में बढ़ेगी राजनीतिक तपिश, झामुमो का मिजाज अब होगा तल्ख।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– घाटशिला में झामुमो का परचम।

***********समाप्त*************